卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 3 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦9 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## षष्ठम नवरात्र




**मां कात्यायनी मां दुर्गा की छठी विभूति हैं । शास्त्रों के मुताबिक जो भक्त दुर्गा मां की कात्यायनी की आराधना करते हैं मां की कृपा उन पर सदैव बनी रहती है।**

## होटल के कमरे में मिला युवती का शव

### स्कूटी लेकर घर से निकली थी युवती, संदिग्ध मौत की जांच में जुटी पुलिस



लालकुआं (उद संवाददाता)। नगर के होटल में हल्द्वानी की युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे लालकुआं और हल्द्वानी पुलिस के अधिकारियों ने मृत्यु के कारण की छानबीन करने के साथ-साथ फोरेंसिक जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीते दिवस घर से स्कूटी पर निकाली 30 वर्षीय याशिका निवासी रामपुर रोड वार्ड नंबर 7, हल्द्वानी प्रात: 11:45 बजे लालकुआं के जगदीश होटल में पहुंची और कमरा बुक कराया। युवती ने होटल के कर्मियों को बताया कि उसका नवरात्रि का व्रत है उसे डिस्टर्ब ना किया जाए। साथ ही उसने प्रात: दिल्ली जाने की बात भी कही। प्रात: होटल कर्मियों द्वारा चाय के लिए उक्त कमरे का दरवाजा खटखटाया तो वह नहीं खुला, होटल कर्मी युवती के कमरे का दरवाजा खोलने के प्रयास कर रहे थे तब तक युवती की लोकेशन देखकर उसके परिजन एवं हल्द्वानी पुलिस मौके पर पहुंच गई। दरवाजा तोड़ने पर कमरे के बाथरूम में उसका शव बरामद हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ लव पांडे और फोरेंसिक टीम (शेष पृष्ठ सात पर)

## नीलकंठ ट्रेक पर फंसे चार विदेशी पर्यटकों को किया रेस्क्यू



चमोली (उद संवाददाता)। चमोली जिले के श्री बद्रीनाथ क्षेत्रान्तर्गत नीलकंठ ट्रेक पर चार विदेशी पर्यटक फंस गए थे। इसकी जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सकुशल रेस्क्यू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 08 अक्टूबर 2024 की देर रात्रि थाना बद्रीनाथ द्वारा एसडीआरएफ टीम की सूचना दी गई कि कुछ विदेशी पर्यटक नीलकंठ ट्रैक पर फंस गये हैं, जिनकी सर्चिंग एवं रेस्क्यू हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। इस सूचना पर एसडीआरएफ टीम पोस्ट बद्रीनाथ से मुख्य आरक्षी राहुल थापा के नेतृत्व में मय रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर उक्त ट्रैकर्स की सर्चिंग हेतु नीलकंठ (शेष पृष्ठ सात पर)

## 46 लाख का लोन लेकर फरार आरोपी आठ साल बाद दबोचा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बैंक से 46 लाख से अधिक का ऋण लेने के बाद से फरार हुए एक आरोपी को पुलिस ने आठ साल बाद उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में दो आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। जबकि दो अन्य अभियुक्त अभी भी वांछित चल रहे हैं। बताया जाता है कि गजराज सिंह पुत्र छेदा सिंह निवासी गहलुईया शेरगढ़ बरेली, मुकेश, राम आसरे आदि के विरूद्ध कोटक कृषि बैंक के मैनेजर भानु प्रताप द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था कि उक्त अभियुक्तों द्वारा वर्ष 2016 में कृषि बैंक से 46 लाख से अधिक का ऋण लिया गया था। लेकिन वापस नहीं किया और फरार हो गये। मामले में दो आरोपियों रमेश व रामआसरे की मौत हो चुकी है। जबकि गजराज सिंह तब से निरंतर पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर बचता आ रहा था। आखिरकार पुलिस टीम में शामिल एसएसआई (शेष पृष्ठ सात पर)

## अधिवक्ता हत्याकाण्ड का खुलासा,मुख्य आरोपी गिरफ्तार





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जमीनी विवाद के चलते अपने चचेरे भाई की हत्या कर फरार हुए आरोपी को एसओजी और मुखानी पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। बता दें आरोपी दिनेश नैनवाल ने रामलीला मंचन के दौरान देर रात अपने चचेरे भाई उमेश नैनवाल की गोली मारकर हत्या की थी। हत्याकांड के बाद से वह फरार चल रहा था। मामले में कल्पना नैनवाल पत्नी उमेश चन्द्र नैनवाल की ओर से दी गयी तहरीर में कहा गया था कि 7अक्टूबर की रात्रि लगभग 10.50 बजे कमलुआगांजा रामलीला हल्द्वानी में पति उमेश नैनवाल की रामलीला देखने के दौरान जमीनी विवाद के चलते दिनेश नैनवाल ने गोली मारकर हत्या कर दी और अपने साथी दीपक बुधानी के साथ फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दिनेश नैनवाल और दीपक बुधानी के खिलाफ केस दर्ज किया और दोनों की तलाश के लिए टीमें गठित की गयी। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र व क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी नितिन लोहनी व थाना अध्यक्ष विजय मेहता के नेतृत्व में एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने फार्मग्रिल रेस्टोरेन्ट के पास से हत्यारोपी दिनेश नैनवाल को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशे के इंजेक्शनों के साथ तीन गिरफ्तार



किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा पुलिस को नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुरानी गल्ला मंडी से नशे के 100 इंजेक्शनों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों से दो वाहन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार करन सक्सेना पुत्र सुरेश चन्द्र सक्सेना निवासी आवास विकास बलवन्त कालौनी किच्छा तथा अजय पुत्र दीनदयाल निवासी पुरानी गल्ला मण्डी किच्छा एवं सोनू कोली पुत्र राजाराम कोली निवासी पुरानी गल्ला मण्डी किच्छा पिछले काफी अरसे से क्षेत्र में नशीली दवाओं की तस्करी कर रहे थे जिसकी सूचना मुखविर द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने सूचना पर पुराना गल्ला मण्डी गौला नदी की तट शमशान घाट से पहले सीमेन्ट वाली रोड पर दबिश देकर नशे के कारोबार में लिप्त तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया जिनकी निशानदेही पर उनके वाहन ब्रेजा कार संख्या यूके 06एयू 8070 व स्कूटी संख्या यूके 06बीजे -0852 में प्रतिबंधित 120 इंजेक्शन माइलेट फेनीरामाइन 10 एमएल , डायजेपाम इंजेक्शन 22, ब्रूफेन (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिविल लाईन में नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देश पर सिविल लाईन को अतिक्रमण से मुक्त कर मार्ग चौड़ीकरण करने के कार्य को जारी रखते हुए आज फिर नगर निगम की टीम ने नालियों के ऊपर व उससे आगे दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हथौड़े चलाकर ध्वस्त कर दिया। वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारी भी मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में बाधक बन रहे विद्युत पोलों को हटाने में जुटे हुए हैं। आज प्रात: निगम के कर्मचारियों ने सिविल लाईन मार्ग पर पहुंचकर अधिकारियों के दिशा निर्देशन में अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया। इस दौरान कई दुकानों के आगे नाली के ऊपर व उससे आगे किये गये अतिक्रमण को हथौड़ो की चोट से ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही नालियों की सफाई भी की गई। वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग के कर्मचारी भी विद्युत पोलों को हटाने के लिए लगातार कार्य में जुटे हुए है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग से अतिक्रमण हट जाने व मार्ग के चौड़ीकरण हो जाने से यातायात में कोई रूकावट नहीं रह जायेगी। साथ ही आये दिन लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिल सकेगा।

## महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा का किया अनावरण



सितारगंज (उद संवाददाता)।नगर के एमपी चौक पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और उनके पिता पूर्व सीएम विजय बहुगुणा ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया। महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जनजाति समाज के अलावा अन्य वर्गो के लोग पहुंचे थे। जिनमें जनजाति समाज की महिलाओं की संख्या सर्वाधिक थी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा ने विधायक निधि मद से निर्मित 25 लाख की लागत से बनी महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण करते हुए उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। विशाल प्रतिमा उनके गुणों की याद दिलाती हैं जो प्रत्येक भारतवासी के दिलों में बसे हुए हैं। महाराणा प्रताप के विचार आज भी जीवन को दिशा देते हैं। पूर्व सीएम विजय बहुगुणा ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता और दृढ़ निश्चय की मूर्ति थे। वह दृढ़ प्रण के लिए अमर हैं। सफलता के लिए सबको महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पलविंदर सिंह औलख, जिला पंचायत सदस्य उदय राणा, श्रीपाल राणा, उमाशंकर दुबे, संजय गोयल, दीपक गुप्ता, सुखदेव सिंह, रवि रस्तोगी, सुमन राय,राकेश त्यागी, दयानंद तिवारी, परवेज पटौदी, शहनवाज हुसैन, डॉक्टर मो अली अल्वी, नाजिम अल्वी आदि मौजूद थे।

## ट्रेन में लाखों के आभूषण चोरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लुधियाना रेलवे स्टेशन से हल्द्वानी तक यात्रा कर रही एक महिला ने जीआरपी काठगोदाम में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी यात्रा के दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने उनका बैग चुरा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ई 3, रेड स्टार टावर, डंडी स्वामी रोड लुधियाना निवासी जसनीत कौर पत्नी हरप्रीत सिंह ने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई है वह अपनी सास और अन्य परिजनों के साथ 7 अक्टूबर की सुबह 4:05 बजे ट्रेन नंबर 12208 (गरीब रथ) में यात्रा कर रही थीं। ट्रेन लुधियाना स्टेशन से चलने के बाद, एक अज्ञात युवक ने उनकी बेटी रायसा का बैग चुरा लिया और चलती ट्रेन से कूद गया। जसनीत ने तुरंत 139 नंबर पर सूचना दी। यात्रा के दौरान, जसनीत और उनके परिवार के पास कुल 7 अटैची और 8 बैग थे। लालकुआं स्टेशन से गुजरते समय, कुछ युवकों ने उनके साथ बातचीत की और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर उनके सामान उतारने में मदद की। जब जसनीत कौर और उनका परिवार अपने परिचित बनप्रीत सिंह के घर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि एक अटैची में रखी गोल्ड और डायमंड की ज्वेलरी (6 एअरिंग, 1 कढ़ा, और 1 चैन) गायब थी। इसके अलावा, दूसरी अटैची में उनकी बेटी का लहंगा और दो पर्स भी चोरी हो गए थे। महिला ने जीआरपी से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# शोभा यात्रा के साथ श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव रविंद्रनगर का गत सायं भव्य शोभा यात्रा निकाल कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान ढोल बाजों के साथ भक्तिमय महौल के बीच शोभा यात्रा में शामिल सैकड़ों महिलाओं ने धार्मिक परिधान में सुसज्जित होकर रविंद्र नगर से शोभा यात्रा प्रारंभ की गई। जिसमें निकिता विश्वास, सपना देवी, संगीता विश्वास, नेहा विश्वास, प्रियंका , रिया विश्वास द्वारा नृत्य किया गया। नंदिनी ने दुर्गा माता, ईशा ने लक्ष्मी माता, देवासी ने सरस्वती माता का किरदार निभाया। इसके बाद रात्रि 9:30 बजे डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे जज सनी पाल, कविता सिंह, अजय दास की देखरेख में बच्चों ने आकर्षक डांस किया। वहीं आयोजकों ने






मंदिर परिसर को भव्य रूप से सुसज्जित किया गया है। महोत्सव में बंगाली समाज के लोगो ने मां दुर्गा देवी प्रतिमा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर अध्यक्ष एसपी सरकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वास, उपाध्यक्ष अर्जुन विश्वास, सचिव मानव सरकार, सह सचिव महेश मंडल, मनीष सरकार, कमलेश सरकार, कोषाध्यक्ष तारक अधिकारी, सह कोषाध्यक्ष सुकुमार सरकार, सुकांत विश्वास, रामानंद जोददार, आकाश मंडल, प्रभारी अभिमन्यु देव राय, गोपाल सरकार, श्रीमती भारती सरकार, मीडिया प्रभारी हरीश अरोड़ा मौजूद रहे।

# रामलीला कमेटी ने मीडिया क्लब की टीम को सम्मानित किया

गदरपुर( उद संवाददाता)।आवास विकास शिव पार्वती रामलीला के पदाधिकारियों ने मीडिया क्लब गदरपुर की टीम को सम्मानित किया। आवास विकास में शिव पार्वती रामलीला में सूर्पनखा का शानदार मंचन चल रहा था इस बीच रामलीला मंचन को देखने मीडिया क्लब की टीम भी आवास विकास शिव पार्वती रामलीला प्रांगण में पहुंची जहां पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा महामंत्री संतलाल हुड़िया कोषाध्यक्ष राज गुम्बर और उनकी टीम द्वारा मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल, उमर अली, गौरव बत्रा,रिजवान अख्तर, किशन गुप्ता, सागर गाबा,विपुल प्रजापति, सचिन गुप्ता,राजकुमार शर्मा रिंकू को सम्मानित किया गया। उपस्थित धर्मप्रेमी जनता को संबोधित करते हुए मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल ने कहा कि धर्म की मर्यादा मातृ शक्ति के हाथ मे होती है और सूर्पनखा ने जब औरत होने की मर्यादा को तोड़ा तो सबक सिखा गई। अगर महिला अपनी मर्यादाओं को तोड़ेगी तो समाज मे नाक कान कटी महिला की भांति समाज मे खुशी का माहौल बनाये रखने का प्रयास करना चाहिए।उन्होंने कहा पत्रकार समाज मे फैल रही कृतियों को दूर करने



लक्ष्मण ने उसके नाक कान काट दिए और मर्यादा तोड़ने की सजा दी।भले ही सूर्पनखा राक्षस कुल की महिला थी लेकिन महिलाओं को मर्यादा में रहने का अपने सम्मान को खत्म कर लेगी।आज हमारा कर्तव्य बनता है हमे अपने परिवार में बेटी बहन पत्नी या माता को हर प्रकार की मर्यादा बनाये रखने और परिवार में और सही दिशा दिखाने में कार्य करता है उन्होंने रामलीला कमेटी नाट्यकलब एवं महावीर दल का आभार प्रकट करते हुए सफल मंचन की बधाई दी।

# गूलरभोज में सीता हरण की लीला का मंचन

गूलरभोज( उद संवाददाता)। तराई कला संगम श्री रामलीला कमेटी गूलरभोज संस्कार भारती के कलाकारों द्वारा सूर्पनखा का नासिका छेदन, खर दूषण वध, सीता हरण का सुंदर मंचन किया गया। छठे दिन की रामलीला के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी थे। उन्होंने राम



के आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राकेश ठुकराल, रामकिशन दहूजा, दीपक सिडाना, आशु रघुवंशी, जगदीश कुमार, गुलशन अनेजा, श्यामलाल, दर्शन लाल ठकराल, सचिन दहूजा, अमित कुमार गुप्ता, सुरेंद्र अनेजा, बिजेंद्र यादव, इंद्र सिंह राठौड़, सुरेश, तरुण दुबे, राजू पासवान आदि उपस्थित थे।

# रामलीला से मिलता आपसी भाईचारे का संदेश: मीना

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा है कि हमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चित्र के साथ-साथ उनके चरित्र की भी पूजा करनी चाहिए,श्रीमती शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम ने जो आदर्श हमारे सामने प्रस्तुत किये,उस पर चलकर हम देश को समृद्धशाली, खुशहाल, और मजबूत बना सकते हैं। श्रीमती शर्मा भूतबंगला स्थित श्री राम हनुमान देवी जागरण मंडल द्वारा आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला का बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन कर रही थी।इससे पूर्व यहां पहुंचने पर रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा श्रीमती शर्मा सहित अन्य अतिथियों का फूल माला पहनाकर ,पीत वस्त्र डालकर, और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया ।बाद में श्रीमती शर्मा सहित अन्य अतिथियों, पूर्व प्रधान विजय यादव, जगदीश कलर लैब के एम डी जगदीश टंडन,शहर के प्रमुख समाजसेवी बिट्टू छाबड़ा, एडवांस टेंट हाउस के एम डी सुधीर अरोरा, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद कालीचरण वाल्मीकि, कांग्रेस नेत्री सरोज रामलीला के उद्घाटन अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाकर समाज को एक बड़ा संदेश दिया, उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम ने हम सभी को जात-पात, ऊंच नीच, कांग्रेस नेता विजय यादव ने भी प्रभु श्री राम के चरित्र और उनके जीवन के बारे में विस्तार से बताया और सभी को उसका अनुसरण करने का आह्वान किया। उद्घाटन अवसर पर अनिल शर्मा, विजय



रानी आदि ने दीप प्रज्वलित कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला का उद्घाटन किया स बाद में वृंदावन से आई रामलीला मंडली द्वारा धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, और परशुराम लक्ष्मण संवाद की सुंदर लीला का चित्रण किया गया। भेदभाव, अमीरी गरीबी, से ऊपर उठकर समाज के लिए कार्य करने का संदेश दिया, इसके अलावा उन्होंने तमाम ऐसे कार्य किए जो आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं, हमें उन पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ग्राम सैजना के पूर्व प्रधान और वर्मा, विजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, संतोष दिवाकर,नत्थू लाल गुप्ता,चौनसुख मिश्रा,रवि गुप्ता, चंद्रकली देवी, पूजा वर्मा, कमलेश, संतोष, पुष्पा,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे स संचालन गिरीश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# श्री राम ने झूठे बेर खाकर शबरी का किया उद्धार

खटीमा( उद संवाददाता)। रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मंचन में मंगलवार रात्रि श्री राम लक्ष्मण सीता माता को खोजते हुए सबरी की कुटिया पहुंचते है जहां कई सौ वर्षो से राम जी के आने का इंतजार कर रही शबरी राम जी के चरण धोकर उनका स्वगत करती है, भोजन में एक एक बेर चुनकर उनको खिलाती है। राम जी सबरी के झूठे बेर खाकर उसका उद्धार करते है। वन वन भटकते श्री राम सीता जी की खोज मे निकलते है जहां हनुमान जी एवं राम जी का मिलन होता है। हनुमान राम मिलन, हनुमान जी द्वार सीता जी की खोज मे लंका प्रस्थान, विभीषण हनुमान मिलन, आदि मंचन होता है। रामलीला में माता सीता के पात्र की भूमिका कमेटी की एकमात्र महिला कलाकार अनामिका पाल ने निभाई। रामलीला मंचन के दौरान मुख्य रुप से कमेटी अध्यक्ष राजेश गुप्ता, रविंद्र श्रीवास्तव, मनोज वाधवा, वरुण अग्रवाल, जतिन बत्रा, जतिन कक्कड़ ,रमेश सिंघल गौरी, शंकर अग्रवाल एवं रामलीला मंचन के डायरेक्टर विरेंद्र रावत उपस्थित थे।



# पर्यावरण मित्रों की समस्याओं पर विचार विमर्श

दिनेशपुर( उद संवाददाता)।नगर पंचायत सभागार में देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासभा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष अजय बन्नू की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया ,जिसमें नगर निकायों, पालिकाओं एवं निगमो में कार्यरत पर्यावरण मित्रों के विभिन्न समस्याओं एवं मांगो के विषयों विचार विमर्श किया गया। प्रदेश अजय बन्नू ने मुख्यत पर्यावरण मित्र संविदा/मोहल्ला स्वच्छता समिति/ आउटसोर्सिंग के अंतर्गत 5 से 10 वर्षो तक कार्यरत कार्मिकों को नियमित करने, कार्मिकों की बीमा धनराशि उपनल कर्मचारियों की भांति 50 लाख रुपये करने, प्रदेश में सभी कार्मिकों के स्थाई व जाति प्रमाण पत्र बनबाने ,मृत आश्रित कार्मिकों की नियुक्ति शैक्षिक योग्यता के आधार पर करने,पर्यावरण मित्रों को पर्यावरण पर्यवेक्षक के रूप नियुक्ति एवं प्रति 1000 जनसंख्या पर 5 कर्मचारियों की नियुक्ति करने हेतु सचिव, उत्तराखंड सरकार को अपना माँग पत्र भेजा। उक्त बैठक में दिनेशपुर इकाई के अध्यक्ष भजन लाल,उपाध्यक्ष धनीराम, सचिव कलेडियस,उपसचिव बबिता,संगठन मंत्री रवि बाल्मीकि, मोतीलाल, जगदीश, कल्लन, बलवंत सिंह, संदीप बाल्मीकि, दीपक कुमार आदि सदस्य मौजूद थे।



# तहसीलों में चस्पा करें बड़े बकायेदारों की सूची : एडीएम

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। बैंक ऋण आरसी व जीएसटी वसूली को लेकर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी की अध्यक्षता में बैंकर्स, राज्यकर अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि सभी बैंक प्रबंधक अपने आरसी की सूची लेकर अपने-अपने क्षेत्रों के तहसील कार्यालयों में जाकर मिलान कर ले ताकि समय से अधिक से अधिक बैंक ऋणों की वसूली हो सकें। उन्होंने कहा कि बैंक ऋण आरसी तहसीलों को भेजने के बाद ऋणदाता व बैंक आपसी सेटलमेंट करते है तो आरसी का 10 प्रतिशत वसूली चार्ज राजस्व विभाग को अनिवार्य रूप से देना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने तहसील स्तर पर बैंको के साथ आरसी वसूली को लेकर बैठक करने के निर्देश भी दिये। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि राज्यकर, आबकारी, खनन, परिवहन विभाग भी राजस्व वसूली में तेजी लाये। सभी विभाग भी अपनी आरसी का मिलान तहसीलों से अवश्य करते हुए समन्वय बनाते हुए वसूली करें। उन्होने यह भी कहा कि आरसी में ऋणदाता का नाम व पता स्पष्ट व सही लिखे ताकि शीघ्रता से वसूली हो सकें। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने तहसीलों के 10-10 बड़े बकायेदारों की सूची बनाते हुए कड़ाई से वसूली करें तथा बड़े वकायेदारों की सूची भी तहसीलों में चस्पा करें व उसे नियमित अपडेट भी करें। बैठक में ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पाण्डे, एआरटीओ चक्रपाणी मिश्रा, लीड बैंक अधिकारी एमएस जंगपांगी, तहसीलदार पूजा शर्मा, दिनेश कुटौला, पंकज चंदोला, गिरीश जोशी सहित बैंकर्स उपस्थित थे।



# समुद्र को लांघकर लंका पहुंचे वीर हनुमान

गदरपुर (उद संवाददाता)।अनाज मंडी में चल रही श्री राम जी की लीला में मंगलवार रात्रि सीता की खोज, सुग्रीव मित्रता, बाली सुग्रीव युद्ध, बाली वध, हनुमान जी को लंका भेजना आदि दृश्यों का मंचन किया गया। बाली की भूमिका में अमन गाबा, सुग्रीव की भूमिका में रहे मुनि भुसरी, श्री राम जी की भूमिका में रोहित पोपली, लक्ष्मण की भूमिका में कशिश खुराना रहे। हनुमान जी की भूमिका में साहिल सुधा ने राम जी और लक्ष्मण जी को अपने कंधों पर बिठाया जिसे देख दर्शकों ने ताली बजाकर प्रस्तुति को सराहा, अंगद की भूमिका में यश अरोड़ा, तारा की भूमिका में शौर्य भुड्डी रहे। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, सुरेश खुराना, अभिषेक



गुंबर, कपिल गंडा, अशोक छाबड़ा, डॉक्टर सोनू विश्वास, टिंकू अनेजा को रामलीला अध्यक्ष रविंद्र बजाज व उनकी की कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया गुंजन सुखीजा ने अपने सम्बोधन भगवान श्री राम के पद चिनो पर चलने की बात कही । इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा, विजय सुखीजा पारस धवन, कृष्ण बत्रा, इंद्रजीत डाबर, सिद्धार्थ भुसरी, राजेश अग्रवाल, अशोक भुड्डी, अरविंद धवन, अशोक सुधा, अशोक पोपली, अनमोल भुड्डी, अंकुर चावला, अश्वनी कुमार, सुभाष खुराना,परमजीत सिंह पम्मा, सतीश छाबड़ा, निर्मल नारंग, अजय खेड़ा, रवींद्र वीर सिंह, सुभाष खुराना, अनिल सुधा, पारस पोपली, बलदेव ढिंगरा, आदित्य सुखीजा, सोमनाथ छाबड़ा, सोमनाथ गाबा, सक्षम ग्रोवर आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# दुर्गा पूजा कमेटी ने मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूदपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा मंगलवार को विधानसभा रुद्रपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पहुंची, जहां धार्मिक संगठनों द्वारा नवरात्रि के अवसर पर आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में प्रतिभाग किया, इससे पूर्व भगवानपुर शिव मंदिर में पहुंचने पर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा का श्री दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्हें फूलमालाएं पहनाकर, बुकें भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर उनका भव्य स्वागत किया गया ।बाद



में श्रीमती शर्मा ने दुर्गा पूजा मंडप में पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की, और क्षेत्र की खुशहाली, अमन चौन और तरक्की के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना की, बाद में बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा विभिन्न झांकियों के माध्यम से जनता का मन मोह लिया गया। इसके बाद श्रीमती शर्मा अन्य स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में भी पहुंची जहां उन्होंने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की, और प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर पूर्व बीडीसी राकेश जोशी,रवि शाह, वर्तमान बीडीसी राखी जोशी, कांग्रेस नेता ज्ञान प्रकाश दुबे, कामेश्वर प्रसाद जेटली,अनिल शर्मा, ओम प्रकाश, सियाराम, दीनदयाल, मनोज कुमार, वीरपाल, ममता, जगवती, कल्पना, माया,सरोज,कल्याणी,निशा, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे ।

# सीता हरण से लेकर रावण जटायू युद्ध तक की लीला का मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के आवास विकास में चल रही श्री शिव पार्वती रामलीला में आठवें दिन के मंचन में सर्व प्रथम गणेश वंदना एवं





राष्ट्रीयगान के साथ रामलीला प्रारंभ हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मशहूर बिल्डर अतुल गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे युवा समाज सेवी पृथ्वी बजाज का रामलीला कमेटी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान अतुल गुप्ता द्वारा कहा गया कि प्रभु श्री राम हमारे आदर्श हैं और हमे उन्ही के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए, उन्होंने कहा कि रामलीला से हमे बहुत कुछ सीखने को मिलता है इसलिए सभी को अपने पूरे परिवार के साथ रामलीला देखने जरूर आना चाहिए । इस दौरान रामलीला के मंच पर सीता हरण से लेकर रावण जटायू युद्ध तक की बहुत ही सुंदर लीलाओ का मंचन किया गया, वहीं स्कूल के बच्चों द्वारा भी बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा, महामंत्री संत लाल हुड़िया, कोषाध्यक्ष राज गुम्बर, मनोज गुम्बर, विकास तनेजा, दीपक बेहड़, सुनील छाबड़ा, अरुण नागपाल, महावीर दल के अध्यक्ष बंटी छाबड़ा, महामंत्री आकाश कोचर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज गुम्बर, किशन गुप्ता, सचिन गुप्ता, रिजवान अली, विप्लव कुमार, रिंकू शर्मा, नवीन खेड़ा, हरीश रल्हन, अंकित मदान, कमल मिगलानी, मोहित अरोरा, कुणाल कालरा, शिवम अरोरा, वंश कोचर, विशाल हुडिया, जतिन नारंग, वंश कोचर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# हरियाणा में जीत पर झूमे भाजपाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर जश्न मनाया एवं जलेबी खिलाकर एक दूसरे को बधाई देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि यह जीत भाजपा के कुशल नेतृत्व और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं जनहित में किए गए कार्यो का परिणाम है



जो विधानसभा चुनाव के नतीजे एक तरफा भाजपा के पक्ष में आए हैं और साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत इस चुनाव में नजर आई है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, सुभाष गुमबर,राजेश गुम्बर, परमजीत सिंह पम्मा,मिंटू गुंबर, नरेश , कपिल कुमार ,सूर्यभान गुप्ता, अशोक छाबड़ा ,निर्मल नारंग ,अनिल जेटली ,अश्विनी कुमार ,जसवीर चीमा, त्रिलोक कंबोज, संदीप बत्रा ,संदीप कंबोज और कुनाल रस्तोगी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धर्म व परमात्मा की शरण में है सच्चा सुख : हरि चैतन्यपुरी

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट में विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा सुख धर्म व परमात्मा की शरण में ही प्राप्त होगा। परमात्मा का स्मरण हृदय से करते हुए कर्म करें। जगत की यथासामर्थ्य सेवा तथा परमात्मा व संतों से प्रेम करें। उन्होंने कहा कि आज समाज सुधारकों कि नहीं, समाज सेवकों की आवश्यकता है। हमारे आंतरिक भाव जिस प्रकार से होंगे धीरे-धीरे बाहरी चेष्टाएँ भी वैसी होने लगेगी।जब कोई व्यक्ति निष्पक्ष व शांत होकर अपनी अंतरात्मा से परामर्श लेता है तो उसे सदैव सत्यपरामर्श ही प्राप्त होता है। सदैव सत्य स्वरूप परमात्मा की शरण लेनी चाहिए। जिस सत्य में कपट होता है वह सत्य, सत्य नहीं समझा जाता। उन्होंने कहा कि सभी अपने अपने कर्तव्यों का पालन करें। इससे अधिकार प्राप्ति की लड़ाई समाप्त हो जाएगी। क्योंकि एक का कर्तव्य दूसरे का अधिकार है। वह व्यवहार औरों से ना करें जो तुम्हें अपने लिए अच्छा नहीं लगता। हम दूसरों को प्रेरणा, उपदेश या शिक्षा देने से पूर्व अपने जीवन में भी उतारें वरना उसका प्रभाव नहीं होगा। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व "श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैया" की जय जयकार से गूंज उठा। महाराज श्री के भजनों को सुनकर सभी झूम झूमकर नाचने लगे।



# टेम्पो स्टैण्ड पर चलाया यातायात जागरूकता अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर निरीक्षक यातायात शिवराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम के हे०कानि० टीपी प्रकाश सिंह, कानि० टीपी शेर चन्द्र व कानि गोविन्द मेहरा द्वारा शहर क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले सरगम टैम्पू स्टैण्ड रामपुर रोड, मंगल पड़ाव टैम्पू स्टैण्ड बरेली रोड, भोलानाथ टैम्पू स्टैण्ड कालाढुंगी रोड व ओके होटल के पास टैम्पू स्टैण्ड में जाकर सभी ऑटो, ईरिक्शा चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी व सत्यापन कराये जाने हेतु बताया गया। उन्होंने आगामी त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ को मद्देनजर रखते हुए समस्त टैम्पू/ईरिक्शा चालकों को निर्देशित किया कि कोई भी चालक नो इंट्री जोन से अपने वाहनों का संचालन नहीं करेगा। निर्धारित टैम्पू स्टैण्ड से ही अपने वाहनों का संचालन करेंगे। वाहनों को नो पार्किंग जोन में खड़ा नहीं करेंगे, वाहन चलाते समय वाहन से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज अपने साथ रखेंगे, बिना ड्राईविंग लाइसेंस के वाहन का संचालन नहीं करेंगे, परमिट में दिये गये शर्तों के अनुरूप ही अपने वाहनों का संचालन करेंगे, क्षमता से अधिक सवारिया नहीं बैठायेंगे। बताया गया कि उक्त निर्देशों का पालन न करने पर सम्बन्धित वाहन चालक के विरूद्ध एमवी एक्ट के अन्तर्गत चालानी कार्यवाही की जायेगी।

# श्री हनुमान ने किया लंका का दहन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री रामलीला मंचन श्री रामलीला मैदान में भगवान श्री राम की सबरी आश्रम में जाने की लीला, तत्पश्चात पंपापुर में सुग्रीव से मित्रता, उसके उपरांत बाली सुग्रीव युद्ध, बाली का वध, लंका दहन तक की लीला का मंचन किया गया। रात्रि लीला मंचन में वृंदावन के कलाकारों द्वारा दशरथ मरण, भरत मिलाप, पंचवटी, सूर्पनखा नासिक छेदन, खरदूषण वध लीलाओं का मंचन किया गया। माता सीता की खोज में जब श्रीराम शबरी की कुटिया पहुंते तो वह भाव विभोर हो गई और उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। कहते हैं कि शबरी ने श्रीराम को स्वयं चखकर सिर्फ मीठे बेर खिलाये। जिसे भगवान राम ने भी भक्ति के वश होकर प्रेम से खाए। शबरी की भक्ति देखकर श्रीराम ने उन्हें मोक्ष प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप बिष्ट, अमरनाथ जोशी, सतीश अग्रवाल, प्रदीप कक्कड़, घनश्याम रस्तोगी, प्रेम मदान, उर्वशी रौतेला, पायल अग्रवाल सरिता अग्रवाल, विजय भट्ट, प्रताप रैकवाल, एनबी गुणवंत आदि मौजूद रहे।





# श्री राम और हनुमान महामिलन की लीला देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

## सीता की खोज में व्याकुल राम जटायू संवाद, सबरी से भेंट, सुग्रीव मित्रता, बाली वध की लीला का मंचन







रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।रूद्रपुर की प्राचीन मुख्य रामलीला में विगत रात्रि में सीता जी की खोज में राम का व्याकुल होना, राम-जटायु संवाद, प्रभु राम व उनके अनादि भक्त हनुमान का महामिलन, हनुमान का राम-लक्ष्मण को अपनें कंधों पर बैठाकर श्रष्यमूक पर्वत ले जाना, राम सुग्रीव मित्रता, सुग्रीव-बाली युद्ध, बाली वध, अंगद विलाप तक की लीला का का मंचन हुआ। मंगलवार रात्रि रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी कश्मीर सिंह विर्क एवं विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा एवं कोषाध्यक्ष संदीप राव नें दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला कमेटी ने सभी अतिथिगणो को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गणेश वंदना, राम वंदना एवं हनुमान जी की आरती व हनुमान चालीसा के बाद प्रारम्भ हुयी रामलीला में आज राम अपनी कुटिया में सीता को न पाकर आतुर हो कर व्याकुल हो जाते है। सीताजी को खोजनें के दौरान उनकी मुलाकात घायल पक्षीराज जटायु से होती है। जटायु राम को बताते हैं कि लंकापति रावण सीता जी का हरण कर ले गया है। राम दक्षिण दिशा की तरफ बढ़ जाते है। रास्तें में उनकी मुलाकात माता शबरी से होती है। शबरी से आज्ञा लेकर जब वह श्रश्यमूक पर्वत के समीप पहुंचते है, तो धनुषधारी राम-लक्ष्मण को आता देख सुग्रीव घबरा जाते है। वह अपने सेनापति हनुमान को राम-लक्ष्मण का भेद जाननें के लिये भेजते है। बुद्धिवान हनुमान राम-लक्ष्मण से अनेंकों सवाल कर यह जानने की कोशिश करते हैं कि वह वास्तव में हैं कौन? जैसे ही हनुमान को यह पता लगता है कि यह दोनों राजकुमार तो उनके अनादि देव राम-लक्ष्मण हैं, हनुमान उनके चरणों में गिर जाते है। हनुमान शिकायत करतें है कि वह तो अज्ञानी वानर ठहरे, प्रभु को पहचाननें बिलम्ब कर बैठे, पर आप तो सर्वज्ञ थे, आपनें अपने अनादि भक्त हनुमान को पहचाननें में ईतनी देर क्यों कर दी प्रभु? प्रभु राम अपने भक्त को अपने सीनें से लगा लेतें है तो हनुमान की आंखों से प्रेम की अश्रुधारा बह निकलती है। प्रभु और भक्त का महामिलन हो जाता है। वह भक्ति में तल्लीन हो मगन हो जाते हैं, अपनी सुधबुध खोकर झूमनें लगते है। राम-हनुमान के इस महामिलन से तो मानों सबके बिगड़े काम बन जाते है। हनुमान अपनें कंधों पर बैठाकर राम-लक्ष्मण को श्रश्यमूक पर्वत पर ले जाते है। राम-सुग्रीव की मित्रता हो जाती है। राम के कहने पर सुग्रीव बाली को ललकारता है। राम जब तीर चलाने को धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते है तो दोनो की एक जैसी शक्ल देखकर हैरान हो जाते है। बाली सुग्रीव की खासी मरम्मत करता है। सुग्रीव जैसे-तैसे भागकर वापस पहुंचता है। राम इस बार उसके गले में माला पहनाकर दुबारा बाली को ललकारनें भेजते है और इस बार बाली का वध कर देते है। सुग्रीव को किश्किन्धा का राजा घोषित कर दिया जाता है। वर्षा ऋतु बीतनें के बाद राम व सुग्रीव वानर दलों को चारो दिशाओं में भेजते है। दक्षिण की तरफ हनुमान व अंगद सहित वानर दल को रवाना करने के साथ ही आज की लीला को विराम दे दिया जाता है। राम की भूमिका में मनोज अरोरा, हनुमान की भूमिका में सुशील गाबा लक्ष्मण की भूमिका में राजकुमार कक्कड़, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, जटायु की भूमिका में गोला ईदरीस, शबरी की भूमिका में हरीश सुखीजा, सुग्रीव की भूमिका में विशाल अनेजा, बाली की भूमिका में वैभव भुड्डी, अंगद की भूमिका में आशमन अरोरा, नल- आयुष अरोरा, सेनापति की भूमिका में आयुष्मान सुशील गाबा, जोकर पार्टी राम कृष्ण कन्नौजिया, गोगी नरूला, कुक्कू शर्मा नें शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। संचालन मंच सचिव संदीप धीर व विजय जग्गा नें किया। इस दौरान श्रीमति बीना बेहड़, पूर्वा बेहड़, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, कोऑर्डिनेटर नरेश शर्मा, सुभाष खंडेलवाल, बिट्टू ग्रोवर, केवल विजय विरमानी, मनोज गाबा, अमित चावला, आशीष मिड्ढा, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, कर्मचन्द राजदेव, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, हरीष सुखीजा, मनोज मुंजाल, विषाल भुड्डी, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू षर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, पवन गाबा पल्ली, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाश तनेजा, चिराग तनेजा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा,गौरव जग्गा, सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, सन्नी आहूजा, अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, लवी ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, नीतिश धीर, सन्नी सुखीजा, जतिन सुखीजा, आदि उपस्थित थे।

### सुशील गावा ने शानदार अभिनय से छोड़ी अमिट छाप

रूद्रपुर। श्री रामलीला मंचन में राम का किरदार निभा रहे मनोज अरोरा एवं हनुमान का किरदार निभा रहे रामभक्त सुशील गाबा ने प्रभु राम व उनके अनादि भक्त हनुमान के महामिलन के जीवंत व सजीव दृश्य में दर्शकों पर अपनी अमिट छाप छोड़ दी। राम-हनुमान महामिलन में दोनों के ऐतहासिक संवादों के बाद हुये मिलन के दृश्य नें लोगों को देर तक भावविभोर करे रखा। रामभक्त सुशील गाबा तो हनुमान के किरदार में इतना खो गये कि उनकी अश्रुधारा अविरल देर तक बहती रही। उन्हें अपनी ही सुधबुध न रही। श्री राम लीला मंचन में उनके भक्तिभाव से ओतप्रोत बेजोड़ अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा।

### आज रात्रि होगा लंका दहन

रूद्रपुर। श्रीराम लीला में आज रात्रि समुद्र तट पर हनुमान-संपाती संवाद, जामवन्त एवं वानर दल द्वारा द्वारा हनुमान जी को उनकी षक्तियां स्मरण कराना, हनुमान का लंका पहुंचना, रावण-सीता संवाद, हनुमान सीता संवाद, हनुमान द्वारा अषोक वाटिका को उजाड़ना, अक्षय कुमार वध, हनुमान- मेघनाद संवाद, मेघनाद द्वारा ब्रहमास्त्र का प्रयोग कर हनुमान जी को बंदी बनाना, हनुमान-रावण संवाद, लंका दहन, हनुमान की राम कैंप में वापसी आदि दृष्य प्रमुख रूप से दिखाये जायेंगें।





# माता जिनको याद करे...वो लोग निराले होते हैं

## श्री दुर्गा मंदिर मां के भजनों से हुआ गुंजायमान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदीय पावन नवरात्रि के छठें दिवस पर श्री दुर्गा मंदिर में माता के अर्द्धरात्रि जागरण में मां के भक्तों द्वारा मां की महिमा का गुणगान किया गया । अर्द्धरात्रि जागरण का शुभारम्भ पंडित नवीन शास्त्री द्वारा जजमान रेनू अरोरा, दिव्या अरोरा परिवार और वीरांगना ग्रुप आदि से मां की पूजा अर्चना कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक कलाकार अमित अरोरा ने गुरू वंदना, गणेश वंदना गाकर भवन में फूलों की वर्षा करवाई। भजन गायक हिमांशु राणा ने खुशियां मनाओं सारे ताली बजाओ मेरी मैया आई, सारे मिल कर भंगड़ा पाओ मेरी मैया आई, नचो नचो रूत नचणे दी आई मेरी मैया दा चोला सत रंग दा, माता जिनको याद करे वो लोग निराले होते हैं माता जिनका नाम पुकारे वो किस्मत वाले होते हैं, नचो गाओ भक्तो अज है जगराता, आओ मात जी तुवाड़ा मंदिर सजाया है आदि भजन सुनाकर उपस्थित सभी भक्तों को भक्ति में मग्न कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान एसपी सिटी मनोज कत्याल, हरीश धीर, रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरूशरण बब्बर, किशनलाल नारंग, पवन गाबा, राजेश पोंपली, अनिल ईश्पुजानी, नीलम ईश्पुजानी, सुश्री दीक्षित, जुगनू, राजीव मदान, हरीश अरोरा, कमल, उर्वशी गाबा, मिनी ठुकराल, कोनिका धीर, संगीता बांगा, सुनीता बांगा, स्वाति कक्कड़, अन्नू कालड़ा, रचना डंग, पूर्वी गुप्ता, सोनिया ठुकराल, अंशुल बांगा, प्रीति ग्रोवर, रोजी, शालिनी ठुकराल, सोनिया अरोरा, पूनम नागपाल, मोहित अरोरा, दिनेश गुप्ता, गौरव शर्मा, प्रदीप मदान, श्यामलाल मदान, गुलशन गोयल, सौरभ चिलाना, ब्रजभूषण ठक्कर, मनीष गोस्वामी, नीरज ब्त्रा, सोनू अनेजा, हरीश गुम्बर, निखिल गोयल, रजनी नारंग, सविता गुप्ता, गीता गुप्ता, किशन मुरारी धीर, संजय कोहली, वेद ठुकराल, सतीश धीर, सुमन मदान, रानी अरोरा, वर्षा, राधा रानी, विद्या विरमानी, राजरानी, अंजू ठक्कर, ज्योति नारंग, रक्षा अरोरा, संतोष कक्कड़, आस्था नागपाल, रिक्कल बांगा, किरन धीर, बबीता ठुकराल, नीलम अरोरा, नीतू अरोरा, आशा गाबा, कमल चिलाना, दीपक अरोरा, अमन घीक, अशोक आनन्द, शिखा, सिम्मी साहनी, सावित्री गुप्ता, मंजू बब्बर आदि मौजूद थे।





# गोलू मंदिर से महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) गंगापुर रोड के प्रांगण में न्याय के देवता श्री गोलू देवता के नव निर्मित मंदिर में कलश में विराजमान होते हैं, वही कलश को धारण करने वाले जहां से भी भ्रमण करते हैं वहीं की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है।कलश यात्रा गोलू मंदिर से दक्ष संख्या में श्रद्धालुओं ने न्याय के देवता श्री गोलू देवता की मूर्ति के दर्शन किए।शोभा यात्रा के पश्चात सभी मूर्तियों का विधि विधान से जलाधिवास, जीना, परिषद के अध्यक्ष गोपाल पटवाल, महामंत्री एड. दिवाकर पांडे, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार, गणेश जोशी, गोपाल मेलकानी, चंद्र बल्लभ





मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस उत्तराखंड के पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न क्षेत्रों से आयी मातृशक्ति ने कलश यात्रा निकाली। क्योंकि कलश यात्रा में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु और महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कॉलोनी परिसर में स्थित मंदिर तत्पश्चात वापस गोलू मंदिर तक निकाली गई। साथ ही रथ में सवार गोलू महाराज, गणेश जी, सरस्वती माता, दुर्गा माता और द्वारपाल कलुआ महाराज की मूर्ति के साथ शोभायात्रा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में निकाली गई। नगर में हजारों की अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास उपस्थित ज्योतिषाचार्य श्री प्रदीप नैनवाल द्वारा मंत्रोजाप साथ कराया गया। आज ज्योतिषाचार्यो द्वारा विधिविधान से न्याय के देवता श्री गोलू देवता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यात्रा में मुख्य रूप से श्री गोलू देवता के भक्त कमल नैनवाल, गिरीश चंद्र जोशी, दिक्षित दुर्गापाल, लीला दनाई, विनीत पांडे, सुनीता पांडे, नीलम कांडपाल, सरिता उपाध्याय, दीपा मटेला, किरण बोरा, शोभा मिश्रा, चंदा बम, सुधा जोशी, सुधा पटवाल, भावना बलोदी, कुमकुम उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# हरियाणा में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने किया मिष्ठान

हल्द्वानी। भाजपा सम्भाग कार्यालय में हरियाणा विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा के हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनने पर और जनता का पार्टी पर विश्वास की आज जीत का



दिन है।जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा जनता को भाजपा पर पूर्ण भरोसा है। पार्टी लगातार जनता का भरोसा जीततीं आयी है। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, नवीन भट्ट, जिला उपाध्यक्ष हरिमोहन अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, भुवन जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी, भुवन भट्ट, सुरेश तिवारी, संजीव कुंवर, पनराम, विजय बिष्ट, मधुकर क्षौत्रिय, भरत वल्दिया, भुवन आर्या, संदीप कुकसाल, किशोर रावत आदि मौजूद रहे।

# शिवांश ने जिला स्तरीय जू जित्यू प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मैडल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित रेनबो पब्लिक स्कूल के कक्षा छह के होनहार शिवांश सिंह कठैत ने जिला स्तरीय जू जित्सू प्रतियोगिता



में सिल्वर मेडल जीतकर अपने माता पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवांश ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं कोच को किया है। पोस्टल कालोनी निवासी श्रीमती रूचि कठैत एवं विकास कठैत के पुत्र शिवांश ने इससे पहले भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शिवांश की माताजी रूचि कठैत मुख्य डाक घर में कार्यरत हैं। विद्यलय प्रबंधक संजीव मलिक, गीतांजलि मलिक, एवं प्रधानाचार्य संजय अग्रवाल ने शिवांश की इस सफलता पर उसे बधाई देते हुए शिक्षा व खेलों में उसके बेहतर भविष्य की कामना की है।

# आरएएन में रामायण-सद्गुण और साहस की यात्रा का मंचन

रूद्रपुर। आरएएन स्कूल में कक्षा तीन के छात्रों 'रामायण-सद्गुण और साहस की यात्रा' का सुंदर मंचन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और छात्रों ने भगवान राम के जीवन की घटनाओं को प्रस्तुत किया, जिसमें उनके जन्म से लेकर अयोध्या वापसी तक की यात्रा शामिल थी। छात्रों का प्रदर्शन विद्यार्थियों के अंदर विकसित विकास कौशल की की प्रशंसा की तथा उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम के दौरान, अभिभावकों से रामायण से जुड़े और परंपराओं की महानता को समझाने के साथ-साथ छात्रों और अभिभावकों के बीच उत्साह और सांस्कृतिक बंधन को मजबूत करने का माध्यम बना। इस





राम भजन से हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या, श्रीमती भावना भानोट ने अतिथियों का स्वागत किया और रामायण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामायण केवल एक कथा नहीं है, यह एक पवित्र ग्रंथ है जिसने हमारे जीवन के मूल्यों, नैतिकताओं और जीवन शैली को आकार दिया है। यह साहस, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत की कहानी है। मंत्रमुग्ध करने वाला था, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष अतिथि श्रीमती सोनिया झा ने कहा रामायण से हमें सम्मान, धर्म और प्रेम का पाठ सीखना चाहिए और सदैव अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और उन्हें संस्कारवान नागरिक बनने की प्रेरणा दी। श्रीमती सोनिया झा आरएएन के प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने वाले अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही, समय पालन के लिए भी पुरस्कार प्रदान किया गया, जो छात्रों को अनुशासन और समय की महत्ता सिखाने के उद्देश्य से दिया गया। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका ने अतिथियों का उनके अमूल्य समय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति अवसर पर विशिष्ठ अतिथि श्रीमती सोनिया झा, श्रीमती ज्योति कुमार, आरएएन स्कूल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विंग कमांडर एच.के. राय, श्रीमती मधु राय, आरएएन पब्लिक स्कूल एजुकेशन सोसाइटी के निदेशक मोहित राय, प्रशासक श्रीमती निधि राय और प्रधानाचार्या आरएएन किड्स स्कूल श्रीमती रेखा प्रमुख रूप से शामिल थे।

# हाईकमान की अपेक्षाओं पर फिर खरे उतरे विधायक शिव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर के विधायक शिव अरोरा की कार्यकुशलता का असर हरियाणा चुनाव मे भी देखने को मिला। शीर्ष नेतृत्व द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में बादशाहपुर विधानसभा के प्रभारी के रूप में विधायक अरोरा को जिम्मेवारी सौंपी थी, जिस पर वह खरे उतरे हैं। विधायक शिव अरोरा लगातार बादशाहपुर में डेरा डाले हुए थे और संगठन को मजबूत करने से लेकर बूथ बूथ जाकर कार्यकताओं मे ऊर्जा भरने का कार्य कर रहे थे, जिसके परिणाम स्वरूप बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव नरवीर सिंह 60705 मतो के भारी अंतर से विजय हासिल करने मे कामयाब रहे। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वह पार्टी के एक सिपाही के रूप मे कार्य करते हैं। संगठन का आदेश हुआ और हरियाणा की बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी की जिम्मेदारी मिली जिसको



उन्होंने पूर्ण रूप से निर्वहन किया जहाँ केद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सफल रैली से लेकर अनेको छोटी बड़ी सभाये हुई। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह जीत हरियाणा की जनता की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्य को जनता ने सराहा जिसके कारण तीसरी बार हरियाणा मे भाजपा की सरकार बनना सुनिश्चित हुआ। हरियाणा का किसान, जवान और नौजवान का विश्वास मोदी के साथ नजर आया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नयाब सिंह सैनी के बिना खर्ची बिना पर्ची वाली कार्य प्रणाली को हरियाणा की जनता ने तीसरी बार स्पष्ट बहुमत देकर विरोधियो को करारा जवाब दिया है। विधायक शिव अरोरा ने बादशाहपुर विधानसभा से विजय हुए राव नरवीर सिंह को शुभकामनायें दी और तीसरी बार हरियाणा मे भाजपा की सरकार बनना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व कारण सम्भव हों पाया, साथ ही सभी कार्यकताओं के अथक प्रयास व मेहनत सफल हुई।

# जेसीज ने अंतरविद्यालयी बैडमिंटन टूर्नामेंट में लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जेसीज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लिटिल स्कॉलर स्कूल काशीपुर में आयोजित अंतरविद्यालयी बैडमिंटन टूर्नामेंट में अद्वितीय प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में जेसीज पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सक्षम कोटनाला (कक्षा-6) एवं आश्विक आर्य (कक्षा-7) ने अंडर-13 डबल्स में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि आश्विक आर्य ने अंडर-13 सिंगल्स में दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंध समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर, निदेशक, प्रधानाचार्य एवं समस्त विभागाध्यक्षों ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "यह उपलब्धि विद्यार्थियों की



कड़ी मेहनत, समर्पण और खेल भावना का परिणाम है। हम उनकी सफलता पर गर्व करते हैं तथा उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना करते हैं।" जेसीज की यह उपलब्धि विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के समग्र विकास पर दिये जाने वाले बल व परिणामस्वरूप उसकी उत्कृष्टता की ओर इशारा करती है। विद्यालय की खेल नीति और उत्तम प्रशिक्षण कार्यक्रमों का यह परिणाम है।

# आईटीआई गैंग का एक और सदस्य कार सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने आईटीआई गैंग के एक और सदस्य को एक घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार28 सितंबर



को गौरव नेगी पुत्र उमेश सिंह निवासी वसुन्धरा कालोनी बरेली रोड की तहरीर पर थाना हल्द्वानी पर मुकदमा बीएनएस बनाम आदित्य नेगी आदि का दर्ज किया गया।अभियोग की विवेचना उनि श्याम सिंह बोरा के सुपुर्द की गयी।आईटीआई गैंग के अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी। टीम ने गैंग के एक और अभियुक्त आदित्य नेगी पुत्र कुन्दन सिंह नेगी निवासी जजफार्म थाना मुखानी को नीलकण्ठ अस्पताल के पास खाली प्लाट से कार संख्या यूके 04ए एच-1066 के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की। कार घटना में प्रयुक्त की गयी है। पुलिस टीम में उनि श्याम सिंह बोरा चौकी मंडी व का. प्रकाश बडाल चौकी भोटियापडाव शामिल थे।

# हरिदासपुर में ठुकराल ने किया दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारम्भ

रूद्रपुर। हरिदासपुर में श्री श्री सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान श्री ठुकराल ने मां दुर्गा की पूजा अराधना करते हुए सभी के लिए





सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि दुर्गा पूजा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। शारदीय नवरात्र पर्व पर आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सवों एवं विभिन्न कार्यक्रमों से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्वों पर होने वाले आयोजनों से समाज में नई उर्जा का संचार होता है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे की भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा समाज को सही राह पर चलने का संदेश देती है। मां दुर्गा ने अहंकारी महिषासुर का वध करके संदेश दिया था कि अहंकारी कितना भी ताकतवर हो उसका सर्वनाश तय है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पर सभी को अपने भीतर काम क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार जैसे दानवों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। तभी दुर्गा पूजा सार्थक होगी। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ठुकराल एवं विशिष्ठ अतिथियों का आयोजन कमेटी ने स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संचालन श्याम सुंदर ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, अजय नारायण सिंह, ललित मिगलानी, क्षेत्रपंचायत सदस्य दुलाल मल्लिक, पूर्व ग्राम प्रधान मनोज मिस्त्री, दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व ग्राम प्रधान नरेश तपाली, सचिव रजत मिस्त्री, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, संरक्षक रमेन हालदार, राजेन्द्र गुप्ता, श्याम सुंदर, मनोरंजन साना, मनोज मण्डल, राकेश मण्डल, रमौनी मजूमदार, नित्यानंद मंडल, सुरेश, अर्जुन शील आदि लोगमौजूद थे।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## विस चुनाव के प्रचंड नतीजे

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे तमाम विश्लेषणों और सर्वेक्षणों को धता बता चुके हैं। चुनाव पश्चात हुए सभी सर्वेक्षण हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय और भाजपा की बुरी हार घोषित कर चुके थे। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान लगाया जा रहा था। मगर नतीजे उसके ठीक उलट आए। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को नकार दिया। भाजपा को भी जम्मू क्षेत्र से जैसी बढ़त की उम्मीद थी, वह पूरी नहीं हुई। कांग्रेस और नैशनल कांफ्रेंस ने मिल कर जरूरी बहुमत से अधिक सीटें जीत ली हैं। मगर तमाम चुनाव विश्लेषक और सर्वेक्षक हैरान हैं कि हरियाणा में भाजपा का जादू कैसे चल गया। बहुत सारे लोगों को अब तक नतीजों पर यकीन नहीं हो रहा। इसलिए कि चुनाव की घोषणा से पहले ही हरियाणा में भाजपा का विरोध शुरू हो गया था। कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की सीटें घट कर आधी रह गई थीं। विधानसभा चुनाव में सत्ताविरोधी लहर साफ देखी जा रही थी। चुनाव दो-ध्रुवीय हो गया था। टिकट बंटवारे के वक्त भाजपा कार्यकर्ताओं में पहली बार विद्रोह का स्वर भी फूटा था। कुछ नेता भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में लौट आए थे। इस तरह इस चुनाव को लेकर भाजपा भी संदेह से भरी हुई थी।हरियाणा में किसान, नौजवान, पहलवान और संविधान का मुद्दा कांग्रेस ने बढ़-चढ़ कर उठाया था। इसका असर भी नजर आ रहा था। किसानों और पहलवानों के मुद्दे पर कई जगह भाजपा नेताओं का बहिष्कार भी देखा गया। इसलिए जमीन पर यही लग रहा था कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ वापसी करने जा रही है। मगर नतीजे भाजपा के पक्ष में आए। जो भाजपा पिछली बार चालीस सीटों पर सिमट गई थी और उसे जजपा के साथ समझौता कर सरकार बनानी पड़ा थी, इस बार उसे स्पष्ट बहुमत मिल गया। ऐसा ही माहौल छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के वक्त था। कांग्रेस की जीत साफ नजर आ रही थी, मगर वहां भाजपा ने स्पष्ट बहुमत से कहीं अधिक सीटें हासिल कर ली थी। हरियाणा नतीजों के बाद भी फिर से मतदान मशीन पर शक जाहिर किया जाने लगा है। खुद कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में इसकी गुहार लगाई है। मगर चुनावी समीकरणों को देखें तो स्पष्ट है कि भाजपा की रणनीति सफल रही है और कांग्रेस इस बार भी अपनी रणनीति में विफल साबित हुई है। हरियाणा चुनाव में जाट और गैर-जाट का मुद्दा निर्णायक साबित हुआ। जाट कांग्रेस की तरफ केंद्रित हो गए थे। हालांकि गैर-जाट को अपनी तरफ करने की उसने भरपूर कोशिश की, पर उसमें कामयाब नहीं हो सकी। फिर, इस बार आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि दलों ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। कुल मिला कर चार फीसद से अधिक वोट इन दलों को मिले हैं। भाजपा के अपने प्रतिबद्ध मतदाता इधर से उधर नहीं हुए। फिर, कई जगहों पर मतदान बहुत कम हुआ। इन सबका असर कांग्रेस पर पड़ा। छोटे दलों ने जो वोट अपने पाले में खींचे, वे अगर मिल जाते, तो कांग्रेस की जीत निश्चित थी। मगर भाजपा ने चुनाव से कुछ समय पहले मुख्यमंत्री बदल कर और गैर-जाट वोट को आकर्षित कर अपनी शानदार विजय सुनिश्चित कर ली। हालांकि दोनों राज्यों में सरकारों के सामने चुनौतियां कठिन हैं। हरियाणा में भाजपा के लिए विश्वास जीतने की चुनौती है, तो कश्मीर में केंद्र के साथ तालमेल बनाए रखने की।

# सीएम धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की भेंट

## उत्तराखंड में तीन रोपवे परियोजनाओं व हवाई सेवाओं के संचालन की अनुमति देने का किया अनुरोध

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आम जन के विश्वास को प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति और बाबा केदारनाथ जी का प्रसाद भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में निरंतर मिल रहे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञ समिति-२ द्वारा संस्तुत 21 जल परियोजना (कुल क्षमता 2123 डॅ) के विकास एवं निर्माण की अनुमति प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने तीन रोपवे परियोजनाए, (क)



सोनप्रयाग-गौरीकुंड केदारनाथ (ख) गोविंद घाट-हेमकुंट साहिब और (ग) काठगोदाम-नैनीताल को राज्य सरकार द्वारा विकास और संचालन के लिए हस्तांतरित करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत देहरादून-गौचर-देहरादून और देहरादून-चिन्यालीसौंड-देहरादून की हवाई सेवा पुन:संचालित किए जाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय को निर्देशित करने के लिए भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिन्यालीसौंड हवाई पट्टी जनपद उत्तरकाशी पर छोटे विमान संचालन की अनुमति हेतु सम्बन्धित मंत्रालय को दिशा-निर्देश का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कुमाऊँ एवं गढ़वाल को संयोजित करने के लिये 02 मार्गों, (क) खैरना-रानीखेत- बंगीधार-बैजरों मोटरमार्ग (256.9 किमी0) और (ख) काठगोदाम-भीमताल लोहाघाट-पंचेश्वर मोटर मार्ग (189 किमी०) को राष्ट्रीय राजमार्ग अधिसूचित करने का भी अनुरोध किया। इसके साथ ही देहरादून रिंग रोड़ की अवशेष लम्बाई की स्वीकृति का भी अनुरोध किया।

# निराश्रित और दिव्यांग बच्चों के हौसलों को नए पंख लगा रही सरकार: रेखा

देहरादून(उद संवाददाता)। महिला कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित एक विशिष्ट कार्यक्रम में निराश्रित और दिव्यांग बच्चों के हौसलों को नए पंख लगते हुए देखा गया। इस कार्यक्रम में ऐसे बच्चों ने हिस्सा लिया, जिन्हें परिवार ने दिव्यांगता या विपरीत परिस्थितियों के कारण परित्याग कर दिया था। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने बच्चों के साथ संवाद किया और उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा से प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों का सम्मान करना था जो राजकीय या स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से पुनर्वासित हुए और आज आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार निराश्रित बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए कल्याणकारी नीतियों को बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग के निदेशक श्री प्रशांत आर्य ने बताया कि आज भाग लेने वाले अधिकांश बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं या विभिन्न व्यावसायिक कोर्स (जैसे बी.टेक, बी.एस.सी, बी.बी.ए, जी.एन.एम, योगा में डिप्लोमा, ब्यूटीशियन कोर्स, कंप्यूटर कोर्स) कर रहे हैं। विभाग की योजनाओं के माध्यम से 104 किशोर-किशोरियों को अब तक पुनर्वासित किया जा चुका है। कार्यक्रम में कविता, प्रीति संजना, रजनी गोस्वामी और मीना सरन जैसी कई बच्चियों की प्रेरक कहानियां बताई गई। इन बच्चियों ने समाज द्वारा अस्वीकार किए जाने के बावजूद, अपने हौसले और मेहनत से एक सफल जीवन की ओर कदम बढ़ाया है। इसके साथ ही कार्यक्रम में बाल देखरेख संस्थाओं के



माध्यम से पुनर्वासित कई अन्य बच्चों की सफलता की कहानियाँ भी साझा की गईं। इनमें पोक्सो पीड़ित और विधि विवादित किशोर भी शामिल थे, जो आज आत्मनिर्भर होकर सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। इन बच्चों की पहचान गोपनीयता के तहत सुरक्षित रखी गई है।इस दौरान निदेशक महिला कल्याण श्री प्रशांत आर्य, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी श्री मोहित चौधरी, उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती अंजना गुप्ता और श्री राजीव नयन तिवारी उपस्थिति रहे।

# पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के कार्यों में लायें तेजी: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।कलेक्ट्रेट सभागार में पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण सम्बन्धित बैठक लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट अथॉरिटी को भूमि आवंटन कर दी गयी है, इसलिए अथॉरिटी एयरपोर्ट विस्तारीकरण का सर्वे, नक्शा आदि बनाना सुनिश्चित करें ताकि कार्य शीघ्रता से हो सकें। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग का जो क्षेत्र एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रहा है उसके एवज में नये स्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग शिफ्ट करने हेतु एनएचएआई को 103 एकड़ भूमि आवंटित कर दी गयी है जिसके कोडिनेट भी उपलब्ध करा दिये गये है, इसलिए एनएचएआई भी सड़क बनाने हेतु अपना सर्वे प्रारम्भ करें। इसके लिए एनएचएआई व एयरपोर्ट अथोर्टी आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को दिये कि वे एयरपोर्ट अथॉरिटी को कब्जा दिलाने हेतु कार्य करना सुनिश्चित करें। जिस पर उप जिलाधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी को पंतनगर



विश्वविद्यालय व टीडीसी की 524.78 एकड़ भूमि आवंटित की गई है तथा आर्वटित भूमि में टीडीसी के भवन आ रहे है जिन्हे ध्वस्तिकरण करने हेतु टेण्डर भी किया जा चुका है। निदेशक एयरपोर्ट पंतनगर मोनिका डेम्बला ने अवगत कराया कि विमानपत्तनन के बॉउंड्री के भीतर व बाहर कई ऐसे पेड़ है जो प्राकृतिक रूप से बड़े व टेड़े होकर बॉउंड के उपर आ गये है जो सुरक्षा के दृष्टि से अत्यंत खतरनाक है। इन पेड़ों के माध्यम से अवांछित तत्व विमानपत्तनन की सुरक्षा को बाधित कर सकते हैं। इन वृक्षों को कटवाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रभागीय वनाधिकारी ने बैठक में अवगत कराया कि 15 प्रजाति के प्रतिबंधित पेड़ों के कटान की अनुमति लेनी होती है शेष प्रजाति के पेड़ों का कटान किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिबन्धित प्रजाति के पेड़ों की सूची एयरपोर्ट अथॉरिटी उपलब्ध करायी जायेगी साथ ही इस कार्य हेतु वन विभाग के अधिकारी को सहयोग के लिए लगाया जायेगा। यदि प्रतिबन्धित प्रजाति के पेड़ एयरपोर्ट विस्तारीकरण परिधि के भीतर है तो उनकी स्वीकृति लेनी होगी। वन विभाग इसके लिए पूर्ण सहयोग करेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, सहायक प्रबन्धक एयरपोर्ट नीतिश कुमार, प्रबंधक एनएचएआई मीनू, सहायक निदेशक फार्म पंतनगर डा0 अजय प्रभाकर आदि मौजूद थे।

# पुरखों के सम्मान पर जनजाति समाज की महिलाओं को गर्व

सितारगंज (उद संवाददाता)।वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम में जनजाति समाज की महिलाएं काफी संख्या में पहुंची थी। महिलाओं का कहना था कि समाज के हर परिवार में गर्व का माहौल हैं। उनके पुरखों का सम्मान हुआ हैं। नगर के महाराणा प्रताप चौराहे पर महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम की सूचना मिलते ही जनजाति समाज के गांव से पुरुषों के साथ ही महिलाएं काफी संख्या में पहुंची। कार्यक्रम में पहुंची नकुलिया निवासी वृद्ध राजवती राणा,



सरोमवती, निर्मला देवी ने कहां की पूरे जिले में इतनी विशाल मूर्ति नहीं लगी हैं। विशाल मूर्ति स्थापित होने से समाज के लोगों को गर्व महसूस हो रहा हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा ने उनके पुरखों का सम्मान कर समाज को गौरवंतित महसूस कराया है। जिला पंचायत सदस्य उदय राणा ने कहा कि पूर्व में महाराणा प्रताप की छोटी प्रतिमा लगी थी। जिसे विशाल प्रतिमा में बदलने के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का उन्होंने आभार जताया।

# शेर दिल युवा ग्रुप ने लगाए सौ से अधिक पौधे

किच्छा(उद संवाददाता)। पर्यावरण संरक्षण की मुहिम के तहत शेर दिल युवा ग्रुप ने सौ से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डॉ संगीता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष शेर दिल युवा ग्रुप मोहम्मद आसिफ के जन्मदिन के अवसर पर यह पौधारोपण किया गया। मो आसिफ ने कहा कि दिन-ब-दिन दूषित हो रहे पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पौधारोपण करना चाहिए। कोरोना महामारी के बीच आक्सीजन की कमी के कारण हजारों लोगों को अपनी कीमती जान गंवानी पड़ी। जबकि पेड़-पौधे हमें मुफ्त में आक्सीजन देते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। लेकिन फिर भी हम पेड़-पौधों की



देखभाल नही करते। सड़कों को चौड़ा करने के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है ऐसे में हम सबको पेड़ों की भरपाई करने के लिए व घर में खुशी के अवसर एवं जन्मदिन पर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर शीशपाल, मोईन, शावेस,राजा, साजिद, रिजवान, शाहनवाज,शादाब, मनोज, फईम, अनस ,उत्तम ,इंद्रजीत आदि लोग शामिल थे।

# वार्षिकोत्सव में डा.निर्मला जोशी की पुस्तक का किया विमोचन

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर पुष्पेश पांडे ने मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलन के साथ की। इस अवसर पर हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मला जोशी द्वारा लिखित पुस्तक मॉरिशस की पृष्ठभूमि में अभिमन्यु अनत का रचना संसार का संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कॉलेज की उपलब्धियां बताई। उन्होंने जानकारी दी कि सरकार से शीघ्र ही कॉलेज को विभिन्न मदों के लिए पांच करोड़ की मदद मिलने जा रही है। कॉलेज



में छात्रावास भी बन चुका है। विधायक निधि से कॉलेज परिसर में इंटरलॉक टाइल लगवाई गई है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की विभागा ध्यक्ष डॉ. निर्मला जोशी एवं डॉ. पारुल भारद्वाज द्वारा किया गया। डा. निर्मला जोशी ने स्वलिखित पुस्तक मॉरिशस की पृष्ठभूमि में अभिमन्यु अनत का रचना संसार पर विस्तार से जानकारी दी। सेवानिवृत वरिष्ठ प्रोफेसर जया पांडे एवं प्रोफेसर अनिल जोशी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम को संपन्न कराने में संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर निर्मला जोशी एवं सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रसंघ पदाधिकारी, समस्त शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हरियाणा में जीत की हेट्रिक पर कार्यकर्ता झूमे

## विधायक शिव ने कार्यकताओं संग जलेबी खाकर की आतिश बाजी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हरियाणा चुनाव मे भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर कार्यकताओं संग मिष्ठान वितरण व



आतिशबाजी कर जश्न मनाकर खुशी का इजहार किया। विधायक अरोरा इस दौरान ढ़ोल नगाड़ो पर झूमते नजर आये। उन्होंने सभी कार्यकताओं को जलेबी खिलाकर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। वही कार्यालय पहुँचते ही समर्थको व कार्यकताओं द्वारा उनका फूल मलाओ से स्वागत किया। बादशाहपुर विधानसभा जहाँ विधायक शिव अरोरा को प्रभारी की जिम्मेदारी मिली थी वहाँ के प्रत्याशी राव नरवीर सिंह की ऐतिहासिक मतो से विजय पर उनको बधाई दी।वही विधायक शिव अरोरा बोले यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीति को हरियाणा की जनता की मोहर है जो लगातार तीसरी बार हरियाणा मे भाजपा की सरकार बनी है देश मे झूठ नफरत व जाति धर्म मे बाटने की राजनीति करने वालों को हरियाणा की जनता ने सबक सिखाया है। उन्होंने कहा यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के कार्यकताओं की अथक मेहनत को समर्पित की। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी जिन्होंने हरियाणा चुनाव मे सघन प्रवास कर 18 विधानसभा मे ताबड़तोड़ जनसभा की थी। इस दौरान दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, जिला महामंत्री अमित नारंग, सुरेश कोली, तरुण दत्ता, प्रीत ग्रोवर राजेश जग्गा, शालिनी बोरा, रश्मि रस्तोगी, वेद ठुकराल, रामप्रकाश गुप्ता, नेत्रपाल मौर्य, स्वाति शर्मा,किरन विर्क, माहि सकलानी, ममता त्रिपाठी, अनीता ब्रेठा, जगदीश विश्वास, जगदीश तनेजा, रमेश कालरा, बिट्टू मिश्रा, प्रमोद शर्मा, प्रमोद मित्तल, राधेश शर्मा, नरेश उप्रेती, राजेश कामरा, राजीव कामरा, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, राकेश सिंह, योगेश वर्मा, निमित्त शर्मा, सरिता चौधरी, जगसोरान मलिक, मदन दिवाकर, शंकर विश्वास, बिट्टू चौहान, अजय यादव, राजेश बजाज, बिट्टू शर्मा, गिरीश पाल, राजकुमार कोली, राजेंद्र राठौर, डंम्पी चोपडा, महेंद्र आर्य, मुकेश रस्तोगी, कृष्ण पाल, आदेश भारद्वाज, एसपी यादव, मोर सिंह यादव, सुरजीत राठौर, मनमोहन वाधवा, नमन चावला, रवि दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# कोतवाल के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित

किच्छा(उद संवाददाता)। देवभूमि रक्षा मंच द्वारा पुलिस प्रशासन के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन के तहत पुलिस प्रशासन का पुतला फूंकने का कार्यक्रम कोतवाल के आश्वासन पर स्थगित हो गया। कोतवाल ने मामले में दो दिन के अंदर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि 29 अगस्त को ग्राम लालपुर में गिरिश चंद्र पांडे के घर में घुसकर एक समुदाय द्वारा तोड़फोड़ की गई थी तथा परिजनों से मारपीट गई थी । प्रकरण में पीड़ित पक्ष द्वारा लालपुर चौकी में सूचना दर्ज कराई गई थी। पीड़ित पक्ष का आरोप था



कि पुलिस द्वारा हमलावरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी को लेकर के देवभूमि रक्षा मंच के पदाधिकारी द्वारा पीड़ित पक्ष को न्याय दिए जाने एवं जांच अधिकारी को निलंबित किए जाने की मांग को लेकर यहां आज पुलिस प्रशासन का पुतला दहन करने का कार्यक्रम रखा गया था। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने दीनदयाल चौक पर पहुंचकर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को समझाया तथा दो दिन का समय लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के स्थानीय आयोजक कमलेश तिवारी ने कहा कि नए कोतवाल धीरेंद्र कुमार द्वारा उनसे वार्ता कर पीड़ित पक्ष गिरीश चंद्र पांडे को न्याय दिलाने के लिए जांच करने हेतु 2 दिन का समय मांगा गया है। जिस पर संगठन द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए तथा नए कोतवाली प्रभारी के संज्ञान में प्रकरण के न होने के चलते पुतला दहन एवं आंदोलन स्थगित किया गया है यदि दो दिन के अंदर पुलिस प्रशासन द्वारा पीड़ित गिरीश चंद्र पांडे को न्याय नहीं दिलाया गया तो वह पुलिस प्रशासन के खिलाफ पुनः सड़कों पर उतरेंगे और पुतला दहन तथा आंदोलन करेंगे। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके संज्ञान में यह प्रकरण अभी–अभी आया है जिसकी वह जांच कराएंगे यदि पुलिस कर्मचारियों की लापरवाही पाई गई तो दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से देव भूमि रक्षा मंच उत्तराखंड के पदाधिकारी अजय सागर, कमलेश तिवारी, राजदीप, रोहित सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हरियाणा में भाजपा की जीत पर मनाई खुशियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश



अध्यक्ष अनिल चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इंद्रा कालोनी में जमकर जश्न मनाया। सिंह कालोनी पर अतिशबाजी करते हुए जलेबी बांटी। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा में आज इतिहास बन रहा है, ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया, एक ही पार्टी तीसरी बार सरकार बना रही है। कांग्रेस समेत अन्य दलों से जनता का विश्वास उठ चुका है जिसके परिणाम स्वरूप आगामी निकाय चुनाव में भी भाजपा को प्रदेश में प्रचंड जीत मिलेगी। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि हरियाणा की जनता को बीजेपी के पक्ष में वोट देने एवं प्रचण्ड बहुमतसे जीत के लिए धन्यवाद देता हूं। यह पीएम मोदी द्वारा शुरू की गई विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जीत है। इस अवसर पर किसान नेता ठाकुर जगदीश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, परवेज खान, प्रमोद शर्मा, संदीप अवस्थी, सुशील चौहान, अशोक नेगी, भुवन गुप्ता, ज्ञान सिंह चौहान देवेंद्र सिंह बामन, दीपक गोस्वामी, कुलदीप चौहान, निमित शर्मा,नवनीत चौहान, सुनील चौहान, केशव शर्मा, डा राकेश सिंह, रमेश यादव, हीरा बल्लभ पांडेय, विनय विश्वास, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाजपा की जीत पर गौरी ने किया मिष्ठान वितरण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हरियाणा में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम में भाजपा की धमाकेदार जीत पर भाजपाइयों में हर्ष की लहर दौड़ गई। नगला में नगर पालिका से अध्यक्ष पद के दावेदार और वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी के नेतृत्व में मिष्ठान का वितरण कर और आतिशबाजी छोड़कर जश्न मनाया गया। भाजपा नेता गौरी ने कहा कि हरियाणा में जिस तरह से भाजपा ने जीत हासिल की है वह ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा हरियाणा में भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाई है जिसके लिए हरियाणा की जनता का वह आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है और हरियाणा की जनता ने मोदी के नेतृत्व को स्वीकार करते हुए फिर से भाजपा को जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीत ने यह साबित कर दिया कि आने वाला कल भी भाजपा का ही रहेगा और सभी चुनाव भाजपा



कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत जीतेगी। उन्होंने हरियाणा की जीत पर मिष्ठान वितरण कर सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी, पूरन सिंह परिहार, सिद्धार्थ जोशी, ध्रुव जोशी, राहुल, हरीश बिष्ट, कैलाश जोशी, कालीचरण, तिलक राज, भगवान दास,खगेंद्र सिंह,अनिल कुमार,राम अवध , रामू ,सरजू, सूरज,सोहन सिंह, अशोक कुमार, रवि शाह, सुंदर शर्मा, रामशरण गुप्ता, रामकुमार पुजारी, मिश्री भंडारी, कर्म सिंह समेत दर्जन लोग मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

खटीमा (उद संवाददाता)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार जीत पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौक पर आतिशबाजी की एवं मिष्ठान वितरण किया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को जलेबी खिलाकर हरियाणा चुनाव की जीत पर हर्ष



प्रकट किया। नगर मंडल खटीमा द्वारा हरियाणा चुनाव में चुनाव प्रचार के लिए खटीमा से चुनाव प्रचार में गई भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष मौनी पोखरिया, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा विमला मुंडेला एवं भाजपा नेत्री विनीत सक्सेना, मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट का माला पहनकर स्वागत भी किया।

# ट्रांसपोर्ट नगर में हो रहा भारी घोटाला: गोनिया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजसेवी हेमंत गोनिया द्वारा मुख्यमंत्री, शहरी विकास मंत्री को भेजे शिकायती पत्र में ट्रांसपोर्ट नगर में भरी घोटाला किए जाने की शिकायत कर जांच करने की मांग की है। नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रेषित पत्र में गोनियां ने कहा है कि ट्रांसपोर्ट नगर में 2015 से 2023 मार्च तक तह बजारी व गाड़ी कटिंग का पैसा सरकारी विभाग के अभिलेखों में नहीं है।रजिस्टर और पर्चियां भी गायब है। ना ही किसी बैंक में सरकारी पैसा जमा हुआ है। इस पर नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह 8 वर्ष का मामला है। हेमंत गोनिया ने बताया कि उनके द्वारा लगाई गई ट्रांसपोर्ट नगर में आरटीआई पर इस बात का खुलासा हुआ है। लोक सूचना अधिकारी ट्रांसपोर्ट नगर गिरीश भट्ट ने अपना बचाव करते हुए नगर आयुक्त को इस पर कार्रवाई के लिए पत्र भेजा था। गोनिया का आरोप है कि इन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर में चार्ज लेने से पहले इस पर क्यों नहीं करवाई की? क्यों चार्ज लिया वह खुद दोषी हैं? जब घोटाला हुआ है क्यों इतने समय से इस मामले को दबाया जा रहा है। यह 8 साल का पैसा करोड़ रूपयों में हो सकता है। यह जांच का विषय है।

# तालाब में जहरीली दवा डालने से हजारों मछलियों की हुई मौत

सितारगंज (उद संवाददाता)।साधुनगर गांव में बैंक कर्ज पर ग्रामीण ने मत्स्य पालन के अंतर्गत तालाब में 16 हजार मछली का पालन किया था। पीड़ित का आरोप है कि तालाब में जहरीली दवा डालकर मछलियों को मार दिया। उसने मामले की शिकायत प्रशासन से की है। ग्राम साधुनगर निवासी चंद्रशेखर गौतम पुत्र लक्ष्मण प्रसाद ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि वह गांव में मत्स्य पालन का कार्य करता है। दो माह पूर्व उसने तालाब में 16 हजार मछली के बच्चे तालाब में डाले थे। अज्ञात व्यक्ति ने उसके तालाब में जहरीली दवा डालकर मछली के बच्चों को मार दिया। एसडीएम रविंद्र कुमार



जुवांठा ने प्रकरण की जांच के लिए कोतवाल को आदेशित किया है।

## पेज एक का शेष...

**अधिवक्ता हत्याकांड का ...**पास से एक अवैध तमंचा 312 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके चाचा हेम चन्द्र नैनवाल की लगभग 18–9 बीघा जमीन पूरनपुर नैनवाल में थी जिनका कोई वारिस नहीं था जिनकी मृत्यु भी लगभग 3–4 महीने पहले हो गयी थी। जमीन को लेकर मृतक उमेश चन्द्र नैनवाल से विवाद चल रहा था, सभी नैनवाल रिश्तेदारों द्वारा उक्त जमीन को स्कूल या पार्क या किसी सामाजिक संस्था को दान करने पर सहमति जतायी थी। परन्तु मृतक उमेश नैनवाल द्वारा इस पर आपत्ति जतायी जा रही थी और जमीन को लेकर विवाद कर रहा था जिस कारण उसने 7 अक्टूबर की रात कमलुवागांजा रामलीला ग्राउण्ड में उमेश को गोली मार दी। एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 2500 रूपये ईनाम देने की घोषणा की है। टीम में थानाध्यक्ष मुखानी विजय सिंह मेहता, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी , थानाध्यक्ष कालाढुंगी पंकज जोशी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर,आरटीओ चौकी प्रभारी बलवंत कम्बोज, एसओजी के हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्तवके अलावा कांस्टेबल चन्दन नेगी, धीरज सूगडा,गणेश गिरी, कांस्टेबल सुरेश देवडी, कांस्टेबल अनूप तिवारी, कांस्टेबल प्रवीण सिंह,जीवन कुमार, अरविन्द बिष्ट, राजेश बिष्ट आदि शामिल थे।

**होटल के कमरे में...**के सदस्य भी मौके पर पहुंचे । पता चला है कि युवती कल तड़के घर से निकली थी जिसकी ढूंढ खोज परिजनों द्वारा की जा रही थी। उन्होंने मामले की सूचना हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदेश को भी दी, जिसके बाद विधायक सुमित हृदेश ने कोतवाली पुलिस को उक्त युवती का नंबर सर्विलेंस में लगाने के निर्देश दिए थे। पुलिस युवती की मौत के कारणों की जांच कर रही है। घटना से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

**नीलकंठ ट्रेक पर पंसे..**ट्रैक पर रात्रि के घनघोर अंधेरे में अत्यधिक विषम परिस्थितियों के बीच गहन सर्चिंग अभियान चलाया गया। सभी बाधाओं को पार करते हुए एसडीआरएफ टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद 4 विदेशी पर्यटको को नीलकंठ ट्रेक पर ढूंढने के सकुशल बद्रीनाथ लाया गया। विदेशी पर्यटको द्वारा रेस्क्यू किये जाने के लिए एसडीआरएफ टीम व स्थानीय पुलिस की सराहना की गई। सकुशल निकाले गए विदेशी पर्यटकों में जोसेफ उम्र 56 वर्ष निवासी स्पेन, पाउलो उम्र 39 वर्ष निवासी ब्राजील, रोड्रिगो उम्र 38 वर्ष निवासी ब्राजील, डैनीलो उम्र 43 वर्ष निवासी ब्राजील शामिल थे।

**नशे के इंजेक्शन..**इंजेक्शन 26 बरामद किए गये। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धीरेन्द्र पंत, उपनिरीक्षक राजेन्द्र पन्त आदि शामिल थे। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि जहां कहीं भी लोगों को नशीली दावों या नशीली पदार्थों के क्रय विक्रय की जानकारी हो वह संबंधित क्षेत्राधिकारी को सूचना उपलब्ध करा सकता है ताकि शहर को नशा मुक्त बनाया जा सके। और नई पीढ़ी को बचाया जा सके।

46 **लाख का ..**ललित कुमार रावल, विशाल रावत, दिनेश सिंह, कृष्णा टम्टा ने आरोपी गजराज सिंह पुत्र छेदा सिंह निवासी गहलुईया शेरगढ़ बरेली को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश किया। मामले में दो अन्य वांछित अभियुकतों की पुलिस तलाश कर रही है।

# महिला ने मौत पर पुलिस से की जांच करने की मांग

सितारगंज (उद संवाददाता)। हाईवे पर बाइक और कार की भिंड़त में युवक की गर्दन कट जाने के मामले को संदिग्ध बताते हुए मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर जांच की मांग की है। महिला का आरोप है कि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से भाग गया। हालांकि पुलिस ने सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लिया हैं। हल्द्वानी निवासी दीपा भट्ट पत्नी संतोष भट्ट ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 5 सितंबर की शाम को उसके पति संतोष भट्ट बाइक से नानकमत्ता की तरफ जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान उनके पति का सिर धड़ से अलग हो गया। जो लगभग 50 मीटर दूर जा गिरा। जिस महिला को पति की मौत संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पीड़िता ने पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रुद्रपुर की 'स्वच्छता यात्रा' भारत सरकार के 'कहानी संग्रह' में शामिल

## ऊधमसिंहनगर जिला प्रशासन एवं रूद्रपुर नगर निगम की संयुक्त मुहिम लाई रंग भारत के 75 शहरों की स्वच्छता गाथा के कहानी संग्रह में रुद्रपुर को मिला स्थान

-अर्श-

रुद्रपुर।राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में 417वें स्थान पर एवं उत्तराखंड के नगर निगमों में स्वच्छता की दृष्टि से सबसे फिसड्डी रहे रुद्रपुर को, स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण एवं प्रेरणादायक कार्य करने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संकलित स्वच्छता का सफर कहानी संग्रह में देश के 75 शहरों में स्थान दिया गया है । उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण एवं अनुकरणीय कार्य करने वाले देश के 75 शहरों के स्वच्छता के सफर की कहानियों को संकलित किया गया है ।भारत सरकार द्वारा संकलित इस कहानी संग्रह में स्वच्छता की दृष्टि से कम समय में बड़ा कार्य करने के लिए रुद्रपुर की स्वच्छता यात्रा को भी शामिल किया गया है। हालांकि वर्ष 2023 के राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वे में रुद्रपुर 417-वें स्थान पर रहा था और उत्तराखंड के नगर निगमों में भी स्वच्छता की दृष्टि से रुद्रपुर का आठवां स्थान था ,लेकिन पिछली तकरीबन साल भर की अल्प समयावधि के भीतर उधम सिंह नगर जिला प्रशासन एवं नगर निगम रूद्रपुर की संयुक्त मुहिम एवं दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते, शहर के पहाड़गंज इलाके में स्थित कूड़े के पहाड़ को जिस तेजी एवं वैज्ञानिक तरीके से समाप्त किया गया ,उससे रुद्रपुर शहर भारत सरकार की गुड बुक में आ गया तथा रुद्रपुर में स्वच्छता के क्षेत्र में दिए गए इस असाधारण एवं अनुकरणीय कार्य के कारण भारत सरकार स्वच्छता के क्षेत्र में अति विशिष्ट कार्य करने के वाले देश की 75 शहरों में रुद्रपुर को भी शामिल करने पर विवश हुई। बताना होगा कि नगर के पहाड़गंज इलाके में पिछले कई वर्षों से जमा हुए लगभग 211000 मेट्रिक टन कचरे के पहाड़ को नगर निगम रुद्रपुर द्वारा एक खास अपशिष्ट उपचार परियोजना के माध्यम से समाप्त करके ,न केवल उपरोक्त स्थान को पूरी तरह साफ एवं स्वच्छ बना दिया गया है, बल्कि इस स्थान पर एक खूबसूरत एवं हरा भरा पार्क विकसित करने की कार्य योजना को भी अमल में लाया जा रहा है। जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर एक बड़े खतरे के रूप में मंडरा रहे कूड़े के इस पहाड़ को खत्म करने के लिए नगर निगम रुद्रपुर द्वाराबायोमाइनिंग और बायोरेमेटिएशन तकनीकों का उपयोग किया गया, जिसके तहत पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों को प्राप्त करने के लिए कचरे को अलग और संसाधित करने के साथ-साथ दूषित मिट्टी का उपचार भी किया गया और अवशिष्ट कचरे को उन्नत लाइनरों के साथ एक इंजीनियर लैंडफिल में रखा गया । कुल मिलाकर तमाम भागीरथी प्रयासों के द्वारा ही दीर्घकालिक पर्यावरण संरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया जा सका तथा भूमि को सुरक्षित रूप से पुनर्विकास करने में सक्षम बनाना संभव हो पाया है।





# मां के भजनों से गूंजा भगत सिंह चौक



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बद्रीकेदार सेवा समिति द्वारा गत रात्रि भगतसिंह चौक पर मां का अर्द्ध रात्रि जागरण आयोजित किया गया। जिसमें भजन गायक कलाकार मास्टर बॉबी द्वारा गाये गये भजनों से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया। जागरण से पूर्व भंडारा आयोजित हुआ। माता की चौकी में सर्व प्रथम गुरू वंदना, गणेश वंदना व फूलों की वर्षा की गई। जिसके पश्चात भजनों की लड़ी प्रारम्भ हुई। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, हरीश गुम्बर, जगदीश गुम्बर, जगदीश टंडन, शुभम नारंग, विजय जग्गा, रौनिक नारंग, राजू तरीका, सोनू अनेजा, गगन सिंह, कुंदन अग्रवाल, वीरेन्द्र मित्तल, रोहित जग्गा, दीपक मुंजाल, गुलशन नारंग, राजेश चावला, राजकुमार खनीजो, गगन वाधवा, रूपेश अरोरा, सौरभ ग्रोवर, गिरीश भाटिया, वेदांत जुनेजा, हरीश मुंजाल, किरन विर्क, मुकेश गुप्ता, मनोज छावड़ा, सुधीर अरोरा, अभिषेक चौहान, रमेश चौहान, सचिन तनेजा, रवि खनीजो, प्रकाश पाण्डे, किशन गुम्बर, नीटू बत्रा आदि मौजूद थे।

# दशकों से जमा हुए 211,000 मीट्रिक टन कचरे का सफाया

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा देश के 75 शहरों की स्वच्छता कहानियां यात्रा संकलन किया है जिसमे जनपद उधमसिंह नगर के रूद्रपुर शहर भी शामिल है। जानकारी देते हुए नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल ने बताया कि देश के 75 शहरों की स्वच्छता का सफर कहानी संग्रह स्वच्छ भारत मिशन किया गया है। जिसमे नगर निगम रूद्रपुर का नाम भी शामिल है। उन्होने बताया कि रूद्रपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास पर्यावरण क्षरण के प्रतीक के रूप में खड़ी एक पुरानी डंप साइट को एक अभूतपूर्व अपशिष्ट उपचार परियोजना के माध्यम से सफाई कर एक स्वच्छ व हरे भरे स्थान में बदल दिया गया है। इस चुनौती का सामना करते हुए नगर निगम रूद्रपुर ने निर्णायक कार्यवाही की व स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत एक महत्वकांक्षी डंपसाइट उपचार परियोजना शुरू की। यह पहल केवल सफाई के बारे में नही थी बल्कि भूमि को पुनः प्राप्त करने और उसे एक हरे भरे उपयोगी स्थान में बदलने के बारे में थी जो मिल का पत्थर शाबित होगी व पूरे समाज में स्वच्छा के प्रति प्रेरणादायक होगी।नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम रूद्रपुर में जिलाधिकारी व प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह के निर्देशन में रूद्रपुर पहाड़गंज में दशकों से जमा हुए 211,000 मीट्रिक टन कचरे का सामना करते हुए साइट के पुनर्वास के लिए बायोमाइनिंग और बायोरेमेटिएशन तकनीकों का उपयोग करके कार्यावाही की गयी। इसने दीर्घकालिक पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया और साथ ही भूमि को सुरक्षित रूप से पुनर्विकास करने में सक्षम बनाया।

# इंदिरा बंगाली कालोनी में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव प्रारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में श्री श्री शारदीय मां दुर्गा पूजा महोत्सव का शक्तिफर्म से पधारे पंडित नरेन्द्र चटर्जी द्वारा आज महाषष्टी पूजन के साथ विधि विधान से प्रारंभ किया गया। प्रातः 7:32 बजे तक देवी जी की षष्ठीयादी कल्पारम्भ तथा षष्ठी विहित पूजा की गई तत्पश्चात पुष्पांजलि प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ हुई। पूजा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। आज सायंकाल उद्धघाटन समारोह एवं आगोमोनी संगीत अनुष्ठान बाऊल गान भोला सम्प्रदाय शक्तिफार्म द्वारा किया जाएगा। इससे पूर्व गत सायं पंडित जी द्वारा महापंचमी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।जिसमे आयोजन कमेटी के समस्त पदाधिकारी, सदस्य व क्षेत्रवासी शामिल हुए। पूजा कार्यक्रम में पूजा कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, उपाध्यक्ष कौशिक पाल, पवित्र राय, संजय ढाली, अनुज हालदार, प्रताप बाला, प्रशांत विश्वास, शिवा वैद्य, सचिव सूरज राय, उप सचिव राजेश मिस्त्री, कोषाध्यक्ष सुजीत मित्र, आडीटर असीम गुहा, सूचना प्रभारी सरोज राय, वोलेंटियर अध्यक्ष अमित हालदार, कार्यक्रम संयोजक संजीत मिस्त्री, मण्डवी विभूती विस्वास, मनि मण्डल, निरोज हाजरा, आरती सरकार, सावित्री सरकार, कल्पना मण्डल, रीना सरकार, रजनी शील, ढ़ाकी मिलन विश्वास, शक्ति फार्म परामानिक बनोमांली शील, गुनघर गुह, गोविन्द राय सुशान्त राय, गणेश सरकार, डा. ईश्वर मल्लिक, गणेश राय,विमल घरामि, खगोपति विश्वास, कंकन विश्वास, अशोक मण्डल, नारायण पाल, महादेव हाजरा, जयदेव मदक, लुडन मण्डल. डा. रणजीत मिस्त्री, गोविन्द विश्वास, संजय आईच, ज्योतिष कराती, दुलाल राय, विनय विश्वास, परिमल सरकार, विधान सरकार, किशन सरकार, हेमलाल अधिकारी, विकास, काशीनाथ हाजरा, सुरेन्द्र सरकार, विष्णु सरकार, देवु मण्डल, अमित सरकार, दीपक हालदार ,निर्मल हाल्दार, अशोक राय, रंजन समददार, तपन मजूमदार, पवित्र शील, मंटू मजूमदार, गौरंग पाल, दीपक विश्वास, सपन साना, अजित मजूमदार, नरोत्तम राय, शंकर पाल, सपन अधिकारी, कनि मण्डल, भुवन सरकार, कृष्ण हाल्दार, हरेन्द्र साहा, सन्तोष , मनि गोपाल आदि मौजूद थे।



गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000